Principal Poly 18 16/5/14

बिहार सरकार
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग
राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद, बिहार, पटना।

पत्रांक :– आर.(एस.बी.टी.ई.)–01/2011 पार्ट–2(छाया संचिका)– 1754 /पटना, दिनांक :– 09/5/2014

प्रेषक,

परीक्षा नियंत्रक,
सह सदस्य सचिव, संबंद्धन समिति,
राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद, बिहार, पटना।

सेवा में,

सचिव,
श्री राम पोलिटेकनिक, मधुबनी।

विषय :– श्री राम पोलिटेकनिक, मधुबनी को सत्र 2014–15 के लिए डिप्लोमा पाठ्यक्रम की परीक्षा एवं प्रमाणीकरण हेतु राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद से औपबंधिक संबंद्धन प्रदान करने के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद के संबंद्धन समिति द्वारा दिनांक–06/05/2014 के बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार श्री राम पोलिटेकनिक, मधुबनी को अभातशिप से प्राप्त अनुमोदन पत्रांक–F.No. Northern/1-2010471065/2014/EOA दिनांक–11/03/2014 एवं शैक्षणिक अनुश्रवण समिति द्वारा दिनांक–21/04/2014 के निरीक्षण प्रतिवेदन के आधार पर डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालन हेतु सत्र 2014–15 के लिए राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद से निम्नलिखित शर्तों के साथ औपबंधिक संबद्धता प्रदान किया जाता है।

(1) संस्थान को समय–समय पर निर्गत विभागीय एवं अभातशिप का निदेश का पालन करना होगा।

(2) संस्थान को पाठ्यक्रम, परीक्षा एवं ऐकेडमिक कैलेण्डर का अनुपालन राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद के निदेशानुसार सुनिश्चित करना होगा।

(3) विभागीय अधिसूचना संख्या–2143, दिनांक–12/10/07 द्वारा अधिसूचित संबद्धता Norms & Guidelines में उल्लेखित सभी बिन्दुओं को अक्षरशः पालन करना संस्थान का दायित्व होगा।

(4) संस्थान द्वारा निम्न त्रुटि का निवारण अगले सत्र के पूर्व कर पर्षद को संसूचित करेंगे।

(i) Faculty required as per AICTE norms for session 2014-15.

उपर्युक्त औपबंधिक संबद्धता सत्र 2014–15 के लिए ही प्रभावी होगी।

विश्वासभाजन,

परीक्षा नियंत्रक,
सह सदस्य सचिव, संबंद्धन समिति

07.05.14